बिहार सरकार

**सहकारिता विभाग**

**आदेश**

विभागीय संकल्प ज्ञापांक–3500 दिनांक–09.11.2017 द्वारा श्री राकेश शर्मा, तत्कालीन जिला सहकारिता पदाधिकारी, सारण, छपरा सम्प्रति प्रशासी पदाधिकारी, कार्यालय संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, पटना प्रमंडल, पटना के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही में मुख्य जाँच आयुक्त, बिहार, पटना को संचालन पदाधिकारी एवं श्री सुरेश चौधरी, अपर सचिव –सह– अपर निबंधक (मु0), सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया था। पुनः आदेश ज्ञापांक–3332 दिनांक–12.09.2019 द्वारा श्री मुकुल कुमार सिन्हा, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, पटना प्रमंडल, पटना को श्री चौधरी के स्थान पर प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया था। तदोपरान्त विभागीय आदेश ज्ञापांक–2292 दिनांक–15.09.2022 द्वारा मो0 मुजीबुर्र रहमान, संयुक्त निबंधक (मु0), सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को श्री सिन्हा के स्थान पर प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया था। विभागीय आदेश ज्ञापांक–1323 दिनांक–23.05.2023 द्वारा श्री मनोज कुमार सिंह, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, पटना प्रमंडल, पटना को मो0 रहमान के स्थान पर प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया। श्री मनोज कुमार सिंह को संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, पटना प्रमंडल, पटना के पद से स्थानान्तरित करते हुए प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य सहकारी बैंक लि0, पटना के पद पर पदस्थापित होने के पश्चात श्री संजय कुमार, भा0प्र0से0, संयुक्त सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया। विभागीय आदेश ज्ञापांक–2278 दिनांक–18.08.2023 द्वारा श्री अजय कुमार अलंकार, संयुक्त निबंधक (पणन), सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया। तदोपरांत विभागीय पत्रांक–3142 दिनांक–03.11.2023 द्वारा श्री भरत कुमार, उप निबंधक (न्यायिक), सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

2– वर्त्तमान में श्री पंकज कुमार (भा0प्र0से0), प्रधान सचिव–सह–जाँच आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना उक्त विभागीय कार्यवाही के संचालन पदाधिकारी हैं।

श्री भरत कुमार के स्थान पर श्री निकेश कुमार, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है।

4. संकल्प ज्ञापांक–3500 दिनांक–09.11.2017 के शेष बिन्दु यथावत रहेंगे।

5. इसपर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0 / –

(कुमारी आरती)

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक ................................ / पटना, दिनांक ................................

08 / नि0को0(रा0)विविध–822 / 2023

प्रतिलिपिः–मुख्य जाँच आयुक्त, बिहार, पटना / प्रधान सचिव–सह–जाँच आयुक्त के आप्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना / श्री निकेश कुमार, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना (विभागीय कार्यवाही के अभिलेख के साथ) / श्री भरत कुमार, उप निबंधक (न्यायिक), सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना सम्प्रति सेवानिवृत्त / श्री राकेश शर्मा, तत्कालीन जिला सहकारिता पदाधिकारी, सारण, छपरा सम्प्रति प्रशासी पदाधिकारी, कार्यालय संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, पटना प्रमंडल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक 329 / पटना, दिनांक 16/01/26

08 / नि0को0(रा0)विविध–822 / 2023

प्रतिलिपिः– आई0टी0प्रबंधक, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/01/26

विशेष कार्य पदाधिकारी।